यंग सांइटिस्ट हर्ष सिंघल का अभिनन्दन किया

भरतपुर (निसं)। जे.के. कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड रिसर्च टेक्नोलॉजी में यंग सांइटिस्ट हर्ष सिंघल का अभिनन्दन समारोह किया गया। जे. के कॉलेज केबी .एस. सी. थर्ड ईयर के छात्र नें क्लाइमेट चेंज एण्ड दअविफौनल ऑफ दवेट लैंड स्इन अराउंड केवलादेव नेशनल पार्क विषय पर शौध कार्य किया। कॉलेज के निदेशक डॉ. अरूण गुप्ता बताया कि छात्र हर्ष सिंघल इंस्पायर अवार्ड के तहत डॉ. सत्यप्रकाश मेहरा के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं, जिनका रिसर्च पेपर इन्टरनेशनल जनरल में पब्लिश हुआ है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनसंख्या समाधान फाउण्डेशन के संयोजक देवेन्द्र चामड ने छात्र हर्ष सिंघल को माला, साफा पहनाकर एवं सम्मान पत्र भेंट कर किया एवं कॉलेज के निदेशक डॉ. अरूण गुप्ता ने 70,000 रू. का चौक लेपटॉप हेतु प्रदान किया। इस अवसर पर कॉलेज के चौयरमेन जगदीश प्रसाद गुप्ता, राखी शर्मा, उजाला सिंह, गोविन्द, रिन्की शर्मा, राजेश कटारा, चंचल तेनगुरिया, पूर्ति वर्मा, आंचल कक्कड, क्षमा शर्मा आदि उपस्थित थे।

नियमिति रुप से कक्षाएं लेने की मांग को लेकर एबीवी ने प्रदर्शन किया

भरतपुर (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में नगर सह मंत्री सुमित अस्तावन एव वीरेंद्र गुर्जर के द्बारा महारानी श्री जया महाविद्यालय के छात्रों के साथ महाविद्यालय प्रशासन का विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसमे छात्रों को अनेको ऐसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिनके बारे में कई बार महाविद्यालय प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है। फिर भी आज तक उन समस्याओं का समाधान नही हुआ है, छात्रों को इन परेशानिओं से निराश होकर आज इस विरोध प्रदर्शन करना पडा, छात्र 20-20 किलो मीटर से उच्च शिक्षा प्राप्त करने की उम्मीद लेकर आते है, और अंत में वो जिस उद्देश से आते है वो नही होता तो छात्रों निराश हो कर जाना पड़ता है,

इसके चलते छात्र नेता सुमित अस्तावन और वीरेंद्र गुर्जर ने बताया की यह कॉलेज भरतपुर संभाग का सबसे बड़ा कॉलेज है फिर भी यह छात्रों को असंतुष्टता का मुहु देखना पड़ता है, इस कॉलेज में नियमित रूप से कक्षाये नही लग रही है, जिंसका प्राचार्य जी ने छात्र हितों को मध्य नजर रखते हुए बताया की कॉलेज में प्रोफेसरों की कमी है जिस विषय के लिए 7 अध्यापकों की आवश्यकता है । छात्र नेता सुमित एवं वीरेंद्र ने बताया की कॉलेज के कक्षा कक्षों मे विजली एवं पानी की कोइ उचित व्यवस्था नही है। इस मौके पर छात्र नेता सुमित अस्तावन, वीरेंद्र गुर्जर, शिवम जयचोली, गौरव फौजदार, खेमराज गुर्जर, हिमांशु, नीकेश, आदि सैकड़ो छात्र मौजूद रहे।

कॉलेज में व्याख्याताओं की कमि सहित अन्य समस्याओं को लेकर छात्रों ने प्रदर्शन कर कॉलेज प्रिंसिपल को ज्ञापन सौंपा।

कोविड स्वास्थ्य मित्रों ने सीएम को पोस्टकार्ड भेजे

गंगापुर सिटी । कोविड स्वास्थ्यों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड लिखकर भेजे है। कोविड स्वास्थ्य सहायकों ने मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड महाभियान चला रखा है जो, 5 दिवस चलेगा।

कोविड स्वास्थ्य सहायक जीतू शुक्ला ने बताया कि सरकार जो कार्य कोविड स्वास्थ्य सहायकों से करवा रही है, उसका मानदेय बहुत ही कम है, ऐसे में उन्हें सम्मानजनक मानदेय दिया जाए साथ ही स्थाईकरण सहित स्वास्थ्य सहायक की जगह पदनाम स्टाफ नर्स सैकंड किया जाए। पोस्टकार्ड अभियान की शुरुआत भी मंगलवार को की गई। उन्होंने बताया कि गंगापुर के अलावा करौली, भरतपुर, सवाई माधोपुर, हिंडौन, अलवर सहित जयपुर आदि में पोस्टकार्ड लिखकर मुख्यमंत्री को भेजा गया। उन्होंने 25 हजार स्वास्थ्य सहायकों की मांग पूरी करने की मांग करते हुए कहा कि मांग पूरी नहीं होने पर कार्य बहिष्कार किया जाएगा। इस दौरान राजीव मीणा, विश्वद्र सोलंकी, राजीव अरहेला आदि मौजूद थे।

कार्यालय ग्राम पंचायत मण्डावर, पं. स. महवा (दौसा)

क्रमांक:-निविदा/एसएफसी.पं./ग्रा.पं./2021-22/87-90 दिनांक:19.01.2021

निविदा सूचना 01/2021-22

एसएफसी पंचम एवं पन्द्रहवा वित्त आयोग योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मण्डावर में इन्टरलोकिंग सड़क निर्माण, मिट्टी भरत कार्य, श्मशान घाट विकास कार्य एवं नाला निर्माण कार्य की राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/ पर या कार्यालय ग्राम पंचायत मण्डावर में प्राप्त की जा सकती हैं।

NIB No. ZDA2122A0237 UBN No. ZDA2122WSOB00983

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मण्डावर — सरपंच, ग्राम पंचायत मण्डावर

कार्यालय ग्राम पंचायत कोलुआ पंचायत समिति सैपऊ (धौलपुर)

क्रमांक/ग्रा.पं.को./निविदा/2022/22-24 दिनांक:17.01.2022

खुली निविदा सूचना

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से ग्राम पंचायत स्तर पर एफएफसी/एसएफसी (षष्टम) तथा एसबीएम योजनान्तर्गत स्वीकृत कुल 04 संकर्मों के सम्पादन हेतु पंचायतीराज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/नगरनिगम तथा राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों तथा केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में उपर्युक्त श्रेणी के संवेदकों से राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 के तहत निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यों हेतु निविदाओं को निविदा प्रकाशन दिनांक व समय से ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा कर अथवा राज्य लोक उपानन बेबपोर्टल से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। उक्त कार्यों का दोष निवारण एवम् उनके सुधार (डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड) का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा। अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है, जिसका विवरण कार्यालय तथा वेब पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता है।

एनआईबी नम्बर :- ZDH2122A0103

यूबीएन नम्बर:- ZDH2122WSRC00249-52

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत कोलुआ — सरपंच, ग्राम पंचायत कोलुआ

सर्दी के सितम व कोहरे के कहर से ठहरा जनजीवन

व्यापारियों ने बयाना के बाजार में अलाव तापकर सर्दी से बचने का जतन किया।

बयाना । जनवरी का आधा महीना भी बीत जाने के बाद भी पड रही कडकडाती सर्दी और बढते कोहरे के कहर से जहां जनजीवन ठहर सा गया है। वहीं आमजन की भांति मूक प्राणीरूपी पशु पक्षीयों का भी हाल बेहाल है। पशुचिकित्सकों व पशुपालकों की माने तो पालतू पशुओं में भी शीत जनित बीमारीयां तेजी से फैलने लगी है। खास तौर से गाय भैंस निमोनिया का षिकार होने लगे है। इधर अस्पताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दिनों खांसी, जुकाम, बुखार, निमोनिया व स्वांसरोगी मरीज ज्यादा आ रहे है। जिन्हें उपचार के साथ ही सर्दी से बचाव के उपाए अपनाने, गर्म पानी का सेवन करने, व गर्म तरल पेय पदार्थों एवं ताजा भोजन का उपयोग करने की भी सलाह दी जा रही है। इधर पशु चिकित्सकों की ओर से प्षुओं को बंद व ढके हुए बाडे में रखने, गीलापन से बचाने व उन्हें मोटे टाट ओढाकर रखने की भी सलाह दी है। सर्दी व घने कोहरे के कारण जहां सडक व रेल यातायात प्रभावित हुआ है। वहीं बाजारों में भी सावों के बावजूद सन्नाटे का आलम है।

डीजे बजाने की बात पर युवक का सिर फोड़ा

गंगापुर सिटी । बाटोदा थाना क्षेत्र के नाननवास गांव में 5 जनों के एक युवक पर लोहे के पाइप से हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। इसको लेकर पीडित युवक ने बाटोदा थाने में एससी एसटी एक्ट के तहत आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

बाटोदा थानाधिकारी विवेक हरसाना ने बताया कि नाननवास गांव निवासी समयराज बैरवा ने शिकायत दी कि वह गांव के ही एक साउंड सिस्टम की दुकान पर साउंड सिस्टम लेने गया था। दुकान के पास पहले से ही नाथू सिंह राजपूत व बादल सिंह राजपूत सहित अन्य तीन जनों ने उसके साथ अभद्र गालियां देते हुए लोहे के पाइप से मारपीट कर दी। मारपीट में युवक के पैरों व हाथ मे चोट आई है। वहीं पीडित युवक समयराज ने बताया कि वह साउंड सिस्टम लेने के लिए दूकान पर गया था। जिस पर वहां मौजूद नाथू सिंह व बादल सिंह ने गांव में डीजे नहीं बजाने की हिदायत दी तो उसने इस बात का विरोध किया। दोनों ने अन्य तीन साथियों को बुलाकर उसके साथ मारपीट कर दी।

इछलवाड़ा के जंगल में कंटेनर लावारिश मिला

टोडाभीम (नि.सं.)। ग्राम पंचायत मातासूला के गांव इछलवाड़ा के जंगलों में बुधवार की सुबह करीब 30 लाख रूपए का कंटेनर लावारिस अवस्था में खड़ा मिला। रास्ते से निकलने वाले ग्रामीणों ने जब कंटेनर को लावारिस खड़ा देखा तो इसकी सूचना सरपंच रिंकू मीणा को दी गई सरपंच की सूचना पर मौके पर पहुची पुलिस ने कंटेनर को 38 पुलिस एक्ट में जप्त कर थाने में खड़ा कर दिया गया। पुलिस द्वारा जप्त लावारिश कंटेनर पर नंबर प्लेट भी नहीं थी प्रथम दृष्टा पुलिस कंटेनर को चोरी कर लाया माना जा रहा है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी रामखिलाड़ी मीना ने बताया कि सरपंच रिंकू मीणा के द्वारा पुलिस को जानकारी दी गई कि बिना नंबर प्लेट का एक कंटेनर वाहन इछललवाड़ा के जंगल के रास्ते में कोई छोड़ गया है जो कि चोरी कर लाया हो सकता है। सरपंच की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कंटेनर को जप्त कर लिया और थाने ले आई। थाना प्रभारी रामखिलाड़ी मीना ने बताया कि कंटेनर पर नंबर प्लेट हटाई हुई है ऐसे में लगता है कि बदमाश कंटेनर को कहीं से चुरा कर लाए होंगे और जंगल के रास्ते में हो कर जाते समय उबड़-खाबड़ रास्ते में कंटेनर के फंस जाने के कारण बदमाश उसे लावारिस अवस्था में छोड़कर भाग गए या फिर कंटेनर में क्षेत्र से गोवंश को भरकर ले जाने से भी इनकार नहीं किया जा सकता है पुलिस अब कंटेनर के चेचिस नंबरों के आधार पर कंटेनर के मालिक की पहचान करेगी।

आम सूचना

मैं अनूप कँवर पत्नि स्व. बदन सिंह राजपूत नि. करौली तह. जिला-करौली शपथ पूर्वक बयान करती हूँ कि मेरे पति का स्वर्गवास हो गया है। मेरे पति के नाम एक टाटामैजिक गाडी नं. आर.जे 23 जी ए 5477 पंजीकृत है। उक्त वाहन को मेरे नाम ट्रांसफर करवाना चाहती हूँ। अगर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 7 दिन के अन्दर जिला परिवहन कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकता है।

कार्यालय श्री कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट, कैलादेवी जिला-करौली (राज.)

क्रमांक:3622 दिनांक: 19.01.2022

अल्पकालीन निविदा

श्री कैलादेवी मन्दिर ट्रस्ट द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु योग्य एवं अनुभवी संवेदकों द्वारा दिनांक 03.02.2022 सांय 4.00 बजे तक निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं:-

क्रं.सं.	कार्य का नाम
1	मॉ कैलादेवी आश्रम में रूम, वॉशवेसन, कोरिडोर एवं रिशेप्सन नवीनीकरण कार्य
2	मॉ कैलादेवी आश्रम में शैड निर्माण कार्य।
3	मन्दिर ट्रस्ट की 09 दुकानों का नवीनीकरण कार्य।
4	मन्दिर चॉक में शौचालय नवीनीकरण कार्य।
5	मुख्य बाजार में शौचालय नवीनीकरण कार्य।
6	कन्ट्रोल रूम/यात्री सहायता केन्द्र नवीनीकरण कार्य।

उक्त वर्णित कार्यों के अलग अलग "जी शिड्यूल" उपलब्ध हैं। जिनको अलग अलग भरा जा सकता हैं। जिसमें प्रत्येक "जी शिड्यूल" की कीमत 1000/- रू. नगद हैं। कार्यों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण, नियम व शर्तें कार्यालय में कार्यालय समय में कभी भी देख सकते हैं। प्रतिभूति राशि " श्री कैलादेवी मन्दिर ट्रस्ट" देय कैलादेवी होगा।

चन्द्रकान्त गणेश कुडतरकर
प्रशासन प्रबन्धक
श्री कैलादेवी टैम्पल ट्रस्ट

जमीन विवाद में झगड़ा, तीन महिला घायल

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। समीप के गांव कोटवास में बुधवार को सुबह जमीन विवाद को लेकर कुछ लोगों ने 3 महिलाओं को लाठियों से पीट-पीट कर गंभीर से घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से उन्हें शहर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया है।

राजकीय अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डॉ जेपी मीणा ने बताया कि गांव कोटवास में जमीन विवाद को लेकर बुधवार को सुबह कुछ लोगों ने चंद्रपति, ममता और फूलवती आदि तीन महिलाओं को लाठी डंडों से बेरहमी से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस के कर्मचारी मनोज, उदयभान आदि घटना स्थल पर पहुंचे जिन्होंने तीनों घायल महिलाओं को उपचार के लिए राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया है। इधर पुलिस ने घायल महिलाओं की ओर से पर्चा बयान पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

वैश्य महासभा के कार्यकारिणी सदस्यों का अभिनंदन किया

गंगापुर सिटी । अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन इकाई राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष एन के गुप्ता प्रदेश प्रभारी धु वदास अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री गोपाल गुप्ता, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक गर्ग एवं प्रदेश इकाई के निर्देशानुसार गंगापुर सिटी के निवासी सुरेंद्र मित्तल को अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महा सम्मेलन इकाई सवाई माधोपुर का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर प्रहलाद मेठी एवं डॉ मनोज जैन, डॉ मुकेश गर्ग को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, डॉ क्षितिज गुप्ता युवा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिले में महामंत्री पद पर राजेंद्र खारवाल रुकमणी पैलेस को मनोनीत किया गया। संगठन के प्रवक्ता विकास जैन ने बताया कि इन सभी के मनोनयन पर वैश्य समाज के वरिष्ठ और युवा साथियों द्वारा जोरदार माला और साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान कुशला खुटेटा, सरिता बंसल, संतोष झांझरिया अध्यक्ष खंडेलवाल समाज भी उपस्थित थे। इस दौरान नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुरेंद्र मित्तल ने स्वागत सत्कार के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और साथ ही अपने विचार रखते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे प्रदेश नेतृत्व ने दी है उसे में पूर्ण रूप से हर संभव प्रयास के द्वारा अधिक से अधिक बेहतर करने का प्रयास करूंगा। समाज के अनुभवी एवं युवा साथियों के सहयोग के द्वारा समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए मैं हमेशा तन मन धन से उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलूंगा। जिस तरीके से पूर्व में जिले के लिए अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की इकाई द्वारा कार्य किए गए हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रहलाद मेठी एवं डॉ मनोज जैन ने अपने विचार रखते हुए उपस्थित सभी लोगों से एकजुट होकर क्षेत्र के लिए समाज कल्याण एवं उत्थान के लिए कार्य करने की अपील की। प्रवक्ता जैन ने बताया की जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मित्तल ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संरक्षक पद पर सुरेश चंद सिंघल पूर्व पालिकाध्यक्ष, घनश्याम रावत, विशंभर दयाल सिंघल, कैलाश वजीरपुर, सुभाष पांडया, प्रेमचंद गुप्ता, राजेश गोयल, मुख्य सलाहकार के पद पर राधेश्याम विजयवर्गीय, मदन रावत, उपाध्यक्ष के पद पर रितेश पालीवाल, दीनदयाल गुप्ता बीओबी, मनीष सागवान, गोपाल माचीवाल, मंत्री रूप कुमार बिरला, संगठन मंत्री आनंद पेगोरिया, कृष्ण कुमार जैन, दीपक सिंघल, संगठन के प्रवक्ता विकास जैन, कोषाध्यक्ष मनीष जैन को चुना गया।

गोपाल जिला अध्यक्ष बने

गंगापुर सिटी । अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश अग्रवाल एव प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी ने संगठन की जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा राजस्थान के प्रदेश महामंत्री पुरुषोत्तम अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देशानुसार सवाईमाधोपुर जिले की कार्यकारिणी मे जिलाध्यक्ष पद पर गोपाल लाल गुप्ता सलेमपुर वाले को नियुक्त किया गया है, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर घनश्याम गुप्ता, डा.अशोक गुप्ता व अजय कुमार सिंघल सवाइमाधोपुर को तथा अमित अग्रवाल को जिला महामंत्री व भागीरथ लाल गुप्ता जिला मंत्री व प्रदीप कुमार गुप्ता को जिला संगठन मंत्री पद पर नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त जिला कार्यकारिणी मे 8 कार्यकारिणी सदस्य भी नियुक्त किए गए है जिसमे देवेंद्र गुप्ता, दिनेश चंद गुप्ता, एवं राजेश मंगल को जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया ।

प्रारूप 13

(नियम 13 (2) देखिए)

प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगरपालिका टोडाभीम जिला-करौली (राज.)

क्रमांक:नपाटो/भूमि/2021-22/2287 दिनांक: 19.01.2022

लोक सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता की जानकारी में लाया गया है कि राजस्व ग्राम 9 विस्वा टोडाभीम के खसरा नं.-7231 में 0.14 हैक्टे., 7229 में 0.14 हैक्टे., 6008 में 0.21 हैक्टे., 5981 में 0.09 हैक्टे., 6224 में 0.39 हैक्टे., 5929 में 0.05 हैक्टे., 5912 में 0.24 हैक्टे., राजस्व ग्राम 11 बिस्वा टोडाभीम के खसरा नं.-35 में 0.21 हैक्टे., 1345 में 0.03 हैक्टे., 1347 में 0.54 हैक्टे., 1650 में 0.17 हैक्टे., 1651 में 0.16 हैक्टे., 1651/7684 में 0.03 हैक्टे., 1652 में 0.18 हैक्टे., 1653 में 0.16 हैक्टे., 1662 में 0.26 हैक्टे., 1663 में 0.24 हैक्टे., 1666 में 0.30 हैक्टे., 2082 में 0.13 हैक्टे., 7842/2081 में 0.17 हैक्टे., 2077 में 0.30 हैक्टे., 2068 में 0.12 हैक्टे., 1991 में 0.23 हैक्टे., 1992 में 0.15 हैक्टे., 1981 में 0.17 हैक्टे., 1982 में 0.01 हैक्टे., 1983 में 0.08 हैक्टे., 1984 में 0.12 हैक्टे., 2658/7795 में 0.30 हैक्टे., 2663/7599 में 0.46 हैक्टे., 2656 में 0.40 हैक्टे., 2652 में 0.13 हैक्टे., 2653 में 0.03 हैक्टे., 2654 में 0.04 हैक्टे., 2655/7596 में 0.07 हैक्टे., 2644 में 0.13 हैक्टे., 2645 में 0.14 हैक्टे., 2648 में 0.70 हैक्टे., 7840/2079 में 0.03 हैक्टे., 7839/2079 में 0.02 हैक्टे., 2080 में 0.01 हैक्टे., 2088 में 0.04 हैक्टे., 2093 में 0.09 हैक्टे., 2089 में 0.03 हैक्टे., 2092 में 0.36 हैक्टे., 1996 में 0.24 हैक्टे., 1480 में 0.06 हैक्टे., 1477 में 0.28 हैक्टे., 1995 में 0.32 हैक्टे., 2625 में 0.08 हैक्टे., 2660 में 0.06 हैक्टे., 2659 में 0.16 हैक्टे., 2658/7795 में 0.30 हैक्टे., 2146 में 0.36 हैक्टे., 2147 में 0.23 हैक्टे., 2148 में 0.38 हैक्टे., 2147/7756 में 0.52 हैक्टे., 2174 में 0.49 हैक्टे., 2227/7820 में 0.01 हैक्टे., 2255 में 0.05 हैक्टे., 2256 में 0.03 हैक्टे., 2257 में 0.02 हैक्टे., 2259 में 0.10 हैक्टे., 2261 में 0.26 हैक्टे., 2479 में 0.12 हैक्टे., 2453 में 0.40 हैक्टे., 3069 में 0.17 हैक्टे., 3071 में 0.04 हैक्टे., 3072 में 0.28 हैक्टे., 3073 में 0.09 हैक्टे., 3074 में 0.07 हैक्टे., 3031 में 0.18 हैक्टे., 3052 में 0.05 हैक्टे., 3279 में 0.05 हैक्टे., 3280 में 0.06 हैक्टे., 3291 में 0.04 हैक्टे., 3297/7821 में 0.14 हैक्टे., 3290 में 0.27 हैक्टे., 3292 में 0.14 हैक्टे., 3033 में 0.16 हैक्टे., 3032 में 0.14 हैक्टे., 3028 में 0.07 हैक्टे., 3029 में 0.04 हैक्टे., 3030 में 0.04 हैक्टे., 3295 में 0.04 हैक्टे., 3293 में 0.11 हैक्टे., 3048 में 0.11 हैक्टे., 3050 में 0.08 हैक्टे., 3051 में 0.04 हैक्टे., 3047 में 0.12 हैक्टे., 3056 में 0.22 हैक्टे., 2406 में 0.17 हैक्टे., 2424 में 0.39 हैक्टे., 3058 में 0.42 हैक्टे., 3059 में 0.48 हैक्टे., 3061 में 0.29 हैक्टे., 3088 में 0.22 हैक्टे., 3089 में 0.18 हैक्टे., 3090 में 0.02 हैक्टे., 3091 में 0.14 हैक्टे., 3092 में 0.20 हैक्टे., 3093 में 0.10 हैक्टे., 3094 में 0.11 हैक्टे., 2160 में 0.05 हैक्टे., 2161 में 0.10 हैक्टे., 2136 में 0.12 हैक्टे., 2137 में 0.02 हैक्टे., 2141 में 0.01 हैक्टे., 2142 में 0.05 हैक्टे., 2129 में 0.08 हैक्टे., 2481 में 0.27 हैक्टे., 7848/2754 में 0.13 हैक्टे., 1850/7754 में 0.13 हैक्टे., 1847 में 0.24 हैक्टे., 2149 में 0.14 हैक्टे., 3055 में 0.01 हैक्टे. एवं राजस्व ग्राम त्रिशूल के खसरा नं. 1009/343 में 0.38 हैक्टे. क्षेत्र नगर पालिका टोडाभीम जिला करौली में स्थित भूमि या उसके पैराफेरी भाग का 17 जून 1999 से पूर्व एवं बाद की कालावधि से गैर कृषिक प्रयोजनार्थ के लिए उपयोग किया जा रहा है/किया गया है और इसलिए उक्त भूमि या उसके भाग में व्यक्तियों के अधिकार/हित राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90क की उपधारा (8) के अधीन पर्यवसित किये जाने के दायी हैं।

अत: उक्त भूमि में हित रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को लोक सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि इस लोक सूचना के प्रकाशन की तारीख से 7 दिन के भीतर-भीतर कारण बतायें क्यों न उक्त भूमि में उसके अधिकारी और हित को पर्यवसित कर दिया जाये और इसलिए क्यों न भूमि को राज्य सरकार में समस्त विलंगमों से मुक्त निहित किया जा सके।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मोहर के अधीन 2022 (वर्ष) के माह जनवरी के 19.01.2022 तारीख को जारी की जाती है।

प्राधिकृत अधिकरी
नगरपालिका टोडाभीम (करौली)

समिति चुनाव में सभी पदों पर महिलाओं का कब्जा

बामनवास । पंचायत समिति बामनवास की स्थायी समिति के चुनाव बुधवार को पंचायत समिति सभागार में पूर्ण कोरोना प्रोटोकॉल के तहत खंड विकास अधिकारी नरेंद्र मीणा की मौजूदगी में चुनाव सम्पन्न हुए एवं इन स्थाई समितियों में भारतीय जनता पार्टी समर्थित उम्मीदवारों का कब्जा रहा। . स्थाई समितियों के चुनाव में अजब गजब नजारा देखने को मिला चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी के साथ पंचायत समिति सदस्य एवं कांठोस के 8 पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे लेकिन फिर भी स्थाई समितियों पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा रहा जो चर्चा का विषय बना रहा । ऐसा होने के बाद कांग्रेस द्वारा वोट क्रश करने या फिर गलती से वह दूसरी जगह डल जाने की भी चर्चा रही । वही चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी व कांग्रस के पंचायत समिति सदस्यों का अनुपस्थित रहना भी काफी चर्चा का विषय रहा । गौरतलब है कि अब तक बनी पंचायत समिति की स्थाई समितियां केवल नाम की ही रही थी लेकिन अब देखना होगा कि पंचायत समिति की महिलाओं की प्रचुर भागीदारी से लबरेज बनाई गई स्थाई समितियां क्षेत्र के विकास को एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को किस तरह विकसित किया जाएगा । स्थाई समितियों के हुए संपन्न चुनाव में पंचायत समिति की प्रशासन एवं स्थायी समिति अध्यक्ष प्रधान शशिकला मीणा मीना को निर्वाचित किया गया । इसी तरह वित्त एवं कराधन समिति का अध्यक्ष पंचायत समिति सदस्य रसाली देवी मीणा को निर्वाचित किया गया वही शिक्षा समिति अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी प्रधान शशिकला मीणा एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष की बागडोर रामधनी देवी को सोपी गई । इस दोरान ग्रामीण जल प्रदाय स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति अध्यक्ष पद पर पंचायत समिति सदस्य रामधनी देवी को व विकास एवं उत्पादन समिति एवं ग्रामीण विकास समिति अध्यक्ष पंचायत समिति की प्रधान शशिकला मीणा को बनाया गया। इस पंचायत समिति की स्थाई समितियों के चुनाव में महिलाओं को दी गई जिम्मेदारियों का दबदबा देखने को मिला है । आधा दर्जन पंचायत समिति की स्थाई समितियों के सभी अध्यक्ष पद पर महिलाओं को अध्यक्ष पद पर महिलाओं को निर्वाचित किया गया है ।

हादसे में शिक्षक की मौत

बयाना (निस)। बयाना उपखंड के गांव गुर्धानदी में बुधवार को सुबह घने कोहरे के चलते बेकाबू स्कूली बस व बुलेट मोटरसाइकिल की टक्कर में बुलेट मोटरसाइकिल सवार शिक्षक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसके साथ बाइक पर बैठी कॉलेज छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे भरतपुर के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया है।

छात्रा की हालत भी गंभीर बताई है। मृतक शिक्षक गांव खेडलीगडासिया निवासी 28 वर्षीय धीरज सिंह पुत्र हरवीर सिंह व उसके साथ बैठी छात्रा अन्नू पुत्री खेम सिंह बताई है। यह हादसा तब हुआ बताया जब यह शिक्षक बयाना के डांग क्षेत्र के गांव जैसोरा के हाईस्कूल में अपनी ड्यूटी पर मोटरसाइकिल से जा रहा था और उसके साथ बैठी छात्रा बयाना कॉलेज में पढ़ने आ रही थी। तभी यह हादसा हो गया । हादसे के बाद बस व चालक मौके से भागने में सफल रहे। इस हादसे में दोनों परिवारों में कोहराम मचा है। पुलिस ने मृतक का पंचनामा व पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। ग्रामीणों ने बताया है कि गुर्धानदी से मूंडिया वाले रोड पर व गुर्धानदी से खोहरा वाले रोड पर कोफी लोगों ने सड़क किनारे अपने पत्थर व पशुचारे की करब के पूंज रख रखे है। जिससे हादसे होते है।

हाईवे पर राइजिंग लाइन लीकेज से सड़क क्षतिग्रस्त

करौली में पेयजल सप्लाई की मुख्य लाइन के लीकेज से पानी व्यर्थ बह रहा है।

करौली (निं.स)। करौली जिला मुख्यालय पर बने हाईवे सड़क मार्ग पर पेयजल सप्लाई की मुख्य राइजिंग लाइन में लीकेज होने से पानी व्यर्थ बह रहा है वही धीरे धीरे कर सड़क भी क्षतिग्रस्त सी होती जा रही है।

करौली के पुराने कलेक्ट्रेट सर्किल के पास नेशनल हाईवे 11बी मार्ग में डली पेयजल की मुख्य राइजिंग लाइन में लीकेज होने से पानी सड़क पर बहने के कारण आमजन एवं पैदल राहगीर को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही सड़क मार्ग भी धीरे-धीरे कर क्षतिग्रस्त होता जा रहा है देखने लायक यह है कि इस मार्ग में तो समस्या का समाधान करने के लिए नगर परिषद प्रशासन का कार्यालय एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का कार्यालय स्थित है उन विभागों के अधिकारी इस सड़क मार्ग से होकर दिन में कई बार गुजरते हैं। लेकिन उनकी आंखों पर काला चश्मा लगा होने के कारण उन्हें समस्या नहीं दिखाई दे रही ।